Directorate of Research Studies
Pt. Lalit Mohan Sharma Campus, Rishikesh
Sri Dev Suman Uttarakhand University, Uttarakhand
Email: directorresearchsdsuv@gmail.com Mobile: 9368964587

पत्रांक 30 /शोध /2024–25 दिनांकः 01–1–2025

उत्तराखण्ड राज्य पीएच0 डी0 सम्मिलित प्रवेश परीक्षा – 2024 में उत्तीर्ण एवं उक्त परीक्षा से छूट प्राप्त अभ्यर्थियों हेतु श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा कॉउन्सिलिंग दिनांक 07–01–2024 (वाणिज्य, भूगर्भ विज्ञान एवं अंग्रेज़ी के अतिरिक्त समस्त विषय) एवं 09–01–2024 (वाणिज्य, भूगर्भ विज्ञान एवं अंग्रेज़ी विषय) को निर्धारित की गई है एवं कॉउन्सिलिंग की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sdsuv.ac.in एवं समर्थ पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। अतः अर्ह अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि पर पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश में कॉउन्सिलिंग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

1. सभी विषयों (वाणिज्य, भूगर्भ विज्ञान एवं अंग्रेज़ी को छोड़कर) की कॉउन्सिलिंग हेतु तिथि दिनांक 07–01–2024 को निर्धारित की गई है। वाणिज्य, भूगर्भ विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों की कॉउन्सिलिंग दिनांक 09–01–2024 को निर्धारित की गई है।
2. कॉउन्सिलिंग विश्वविद्यालय के पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश के विभिन्न विषयों से संबद्ध विभागों में सम्पन्न होंगी।
3. कॉउन्सिलिंग से पूर्व अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क रू0 1500/– (एक हज़ार पॉच सौ) प्रशासनिक भवन, ऋषिकेश परिसर में जमा करना होगा।
4. कॉउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को वांछित समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियों को साथ लाना आवश्यक है एवं उनकी छाया प्रति स्वप्रमाणित करके संबंधित विषय के संयोजकों के पास जमा करनी होगी।
5. कोर्स वर्क की कक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित केन्द्रों में संचालित की जायेंगी।
6. विभिन्न विषयों में कॉउन्सिलिंग पूर्वाहन 11.00 बजे से प्रारम्भ होंगी।
7. सभी विषयों में चयनित अभ्यर्थियों को कॉउन्सिलिंग द्वारा सीट आवंटन के पश्चात रिक्त सीटों पर उसी तिथि को प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को कॉउन्सिलिंग में सम्मिलित किया जायेगा।
8. प्रथम कॉउन्सिलिंग के उपरान्त रिक्त सीटों के आधार पर ही संबंधित विषयों में द्वितीय कॉउन्सिलिंग कराई जायेगी जिसकी सूचना विश्वविद्यालय द्वारा बाद में निर्गत की जायेगी।
9. श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के द्वारा समर्थ पोर्टल में प्रकाशनार्थ प्रेषित विषयवार रिक्तियों की संख्या में घट–बढ़ हो सकती है।
10. श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के संबद्ध परिसर/राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अर्ह शिक्षकों को ही कॉउन्सिलिंग द्वारा शोध निर्देशक/सुपरवाईज़र के रूप में सीट आवंटित की जायेगी।
11. प्री पीएच0 डी0 कोर्स वर्क हेतु सीट आवंटन में आरक्षण संबंधी नियमों का पालन किया जायेगा।

भवदीय,

संलग्नक :– विषयवार मेरिट लिस्ट

1-1-25

निदेशक, शोध अध्ययन
श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निजी सचिव कुलपति, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय को सादर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, नई टिहरी।
3. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल को अग्रेत्तर कार्यवाही के लिये कॉउन्सिलिंग हेतु योग्यता सूची एवं निर्देश समर्थ पोर्टल में अपलोड करने हेतु प्रेषित।
4. निदेशक, पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश।
5. समस्त प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर संबद्ध महाविद्यालय, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय।
6. वेबसाइट प्रभारी, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल।
7. परीक्षा नियंत्रक, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल।
8. मुख्य वित्त अधिकारी, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, नई टिहरी।
9. समस्त मीडिया संस्थान/प्रिन्ट/इलेक्टॉनिक/वेब गढ़वाल मण्डल।
10. कार्यालय प्रति

1-1-25.